# (GI-1, GI-2, GI-3, GI-6, VI-1, SI-1, VDI-1)

**DATE: 30.08.2021 MAXIMUM MARKS: 100 TIMING: 3¼ Hours**

## PAPER : LAW

**Answer to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate who has not opted for Hindi Medium. His/her answer in Hindi will not be valued.**
**Question No. 1& 2 is compulsory.**
**Candidates are also required to answer any four questions from the remaining Five Questions.**

**Question 1:**

1. निम्न में से किसे कानूनों के निर्वाचन में आंतरिक सहायता कहा जाता है–
   (a) किसी कमेटी की रिपोर्ट
   (b) उद्देश्य तथा कारणों का एक विवरण
   (c) शब्दकोश
   (d) प्रस्तावना

**(1 Mark)**

2. कम्पनी का एक निदेशक जो कम्पनी का सदस्य भी है, उसने कम्पनी के पास 5,000/– रुपये जमा कराये और यह मांग की उसे वार्षिक साधारण सभा का नोटिस केवल ब्लयू डॉर्ट कोरियर के माध्यम से ही भेजा जाये। क्या कम्पनी उसे उसी तरह से नोटिस भेजने के लिये बाध्य है?
   (a) हॉ, क्योंकि वह कम्पनी का निदेशक है।
   (b) नहीं, उसे केवल सामान्य पोस्ट के माध्यम से ही नोटिस भेजा जायेगा।
   (c) हॉ, क्योंकि उसने कम्पनी को अतिरिक्त रुपये का भुगतान किया है।
   (d) नहीं, क्योंकि निदेशक को कोई विशेष अधिकार नहीं दिये जा सकते।

**(1 Mark)**

3. सामान्य वर्ग अधिनियम 1897 में दी गई व्यक्ति की परिभाषा के अनुसार उसमें शामिल है–
   (a) कम्पनी
   (b) एसोसिऐशन
   (c) ए तथा बी
   (d) ए अथवा बी

**(1 Mark)**

4. कठोर समता अंशों के संबंध में इनमें से कौनसा कथन असत्य है–
   (a) कम्पनी को विशेष प्रस्ताव पारित करना चाहिये, यदि कठोर समता अंश जारी होते हैं।
   (b) इस संबंध में बट्टे की कोई अधिकतम दर नहीं है।
   (c) कठोर समता अंश जारी करने की दशा में केन्द्र सरकार की सहमति लेने की आवश्यकता है।
   (d) कठोर समता अंशों से आशय ऐसी समता अंशों से है जो कम्पनी अपने निदेशको तथा कर्मचारियों को बट्टे पर नकद के अतिरिक्त अन्य किसी प्रतिफल के लिये जारी करती है।

**(1 Mark)**

5. माल को ऋण के भुगतान के लिये निक्षेप के लिये प्रतिभूति के रूप में देना कहलाता है–
   (a) ग्रहणाधिकार
   (b) बंधक
   (c) हाईपोथिकेशन
   (d) गिरवी

**(1 Mark)**

6. प्रभार धारक द्वारा प्रभार के पंजीकरण के लिये आरओसी को आवेदन किया जा सकता है, यदि कम्पनी ———————में प्रभार का पंजीकरण नहीं कराती है–
   (a) 30 दिन
   (b) 300 दिन
   (c) 60 दिन
   (d) 90 दिन

**(1 Mark)**

7. कम्पनी का एक सदस्य जो प्रोक्सी फार्म का निरीक्षण करना चाहता है, उसे सभा शुरू होने के कम से कम ———————दिन पहले कम्पनी को नाटिस देना होगा–
   (a) 3
   (b) 7
   (c) 10
   (d) 14

**(1 Mark)**

8. गारंटी के अनुबंध के तहत् यदि प्रतिभू द्वारा ऋण का भुगतान कर दिया जाता है तो मुख्य ऋणी के विरूद्ध उसे वे सारे अधिकार मिल जायेगें जो मुख्य ऋणदाता को होते हैं। यह अधिकार कहा जाता है–
   (a) पुनः धारण का अधिकार
   (b) प्रत्यासन का अधिकार
   (c) बाधा डालने का अधिकार
   (d) नुक्सान पहुॅचाने का अधिकार

**(1 Mark)**

9. प्रत्येक कम्पनी को कौनसी दर से अतिदेय जमाओं के लिये ब्याज का भुगतान करना होता है, चाहे जमायें सुरक्षित हो अथवा असुरक्षित हो–
   (a) 9% वार्षिक दर
   (b) 10% वार्षिक दर
   (c) 12% वार्षिक दर
   (d) 18% वार्षिक दर

**(1 Mark)**

10. विलेख के—————————से आशय है, ऐसा व्यक्ति जो वैधानिक रूप से उसका कब्जा धारण कर सकता है, तथा उसका भुगतान अपने नाम से प्राप्त कर सकता है–
   (a) मालिक
   (b) निर्माता
   (c) धारक
   (d) प्राप्तकर्ता

**(1 Mark)**

11. निम्न में से कौनसा सत्य नहीं है?
   (a) अंशों के संबंध में अभिगोपक कमीशन की दर अंशों के निर्गमित मूल्य से 5 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकती है।
   (b) अभिगोपक कमीशन की दर, पार्षद अर्न्तनियम में बताई गई दर से अधिक नहीं हो सकती है।
   (c) ऋण पत्रों के संबंध में अभिगोपक कमीशन की दर उसके निर्गमित मूल्य से 5 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है।
   (d) अभिगोपक कमीशन कम्पनी के लाभों में से दिया जा सकता है।

**(1 Mark)**

12. निम्न में से किसे कानूनों के निर्वाचन का मौलिक नियम कहा जाता है–
    (a) सामंजस्य पूर्ण निर्माण का नियम
    (b) लाभकारी निर्माण का नियम
    (c) शाब्दिक निर्माण का नियम
    (d) उचित निर्माण का नियम

**(1 Mark)**

13. Mr. Ram, जो कि एक वकील है, उसने जानबूझकर धोखे देने के इरादे से अपने Client Shyam के साथ धोखाधड़ी की। Shyam उससे किसी विषय के संबंध में सलाह ले रहा था जो Tax के विषय से जुड़ा हुआ था। सामान्य वर्ग अधिनियम 1897 की धारा 26 के अनुसार Mr. Ram को कौनसे अधिनियम के तहत् उत्तरदायी ठहराया जायेगा–
    (a) एडवोकेट अधिनियम 1961
    (b) आईपीसी
    (c) ए तथा बी
    (d) ए अथवा बी

**(2 Marks)**

14. एक कम्पनी ने अपने कुल समता अंशों का 10 प्रतिशत मार्च 2020 में खरीदा और कम्पनी अप्रैल 2020 में आगे 10 प्रतिशत अंश और खरीदना चाहती है–
    (a) कम्पनी ऐसा कर सकती है, क्योंकि एक वित्त वर्ष में कुल अंश पूंजी का 25 प्रतिशत अंश पूंजी खरीदी जा सकती है।
    (b) कम्पनी ऐसा नहीं कर सकती है, क्योंकि दो पुनः क्रय के मध्य कम से कम 12 महीनें का अंतराल होना चाहिये।
    (c) कम्पनी ऐसा कर सकती है, परन्तु कम्पनी को साधारण प्रस्ताव पारित करना पड़ेगा ना कि बोर्ड प्रस्ताव।
    (d) कम्पनी ऐसा नहीं कर सकती, क्योंकि अन्य शर्ते पूरी नहीं हुई है।

**(2 Marks)**

15. ————–––लिखित में एक विलेख है, जिसमें बिना किसी शर्त आदेश दिया जाता है और बनाने वाले के हस्ताक्षर होते हैं तथा एक निश्चित व्यक्ति को आदेश दिया जाता है कि एक निश्चित राशि उसे या उसके आदेश पर या विलेख के धारक को देनी है–
    (a) वचन पत्र
    (b) विनिमय विपत्र
    (c) चेक
    (d) कोई नहीं

**(2 Marks)**

16. लाभांश की घोषणा तथा भुगतान नियम 2014 के नियम 3 के अनुसार लाभ की अपर्याप्तता की दशा में कम्पनी जो लाभांश के लिये राशि निकालेगी, वह अधिक नहीं होगी–
    (a) पिछले तीन वित्त वर्षो में दिये गये औसत लाभांश की राशि से
    (b) प्रदत्त अंश पूंजी तथा मुक्त संचय के 10 प्रतिशत योग से
    (c) प्रदत्त अंश पूंजी के 15 प्रतिशत
    (d) पिछले वित्त वर्ष में दिये गये लाभांश के 50 प्रतिशत

**(2 Marks)**

17. निम्नलिखित सूचनाओं से बतायें कि ABC Limited को कोरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत् कितनी राशि खर्च करने की आवश्यकता है–

**पिछले तीन सालों का डेटा**

| Financial Year | Net Profit (In Cr.) |
|---|---|
| 2015-16 | 30 |
| 2016-17 | 22 |
| 2017-18 | 27 |

(a) 26 Crore
(b) 52 Lacs
(c) 55 Lacs
(d) 26 Lacs **(2 Marks)**

18. निम्न में से क्या कम्पनी के अंकेक्षक द्वारा दी जाने वाली प्रतिबंधित सेवाओं का हिस्सा है–
(a) कम्पनी के लिये वित्तीय सूचना प्रणाली का डिजाईन और कियान्वयन करना।
(b) अंकेक्षक द्वारा जांचे गये खातों पर सदस्यों को रिपोर्ट देना।
(c) लेखा मानकों की अनुपालना करना।
(d) कम्पनी के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा की गई धोखाधड़ी के संबंध में केन्द्र सरकार को रिपोर्ट करना।

**(2 Marks)**

19. Mr. N, Mayo Limited के कम्पनी सचिव है। कम्पनी की वार्षिक साधारण सभा का नोटिस उन्हें सभा शुरू होने से पहले निश्चित अवधि के दौरान देना है। नोटिस का ड्राफ्ट उन्होनें तैयार कर लिया है। परन्तु वे यह जानना चाहते हैं कि कौनसे विषय पर उन्हें व्याख्यात्मक विवरण सभा के नोटिस के साथ लगाना पड़ेगा।
(a) अंकेक्षकों की रिपोर्ट पर विचार विमर्श
(b) अंकेक्षकों के पारिश्रमिक का निर्धारण
(c) प्रबंधक के पारिश्रमिक का निर्धारण
(d) लाभांश की घोषणा

**(2 Marks)**

20. सामान्य वर्ग अधिनियम 1897 की धारा 14 के अनुसार यदि कोई केन्द्रीय कानून तथा नियम इस अधिनियम के लागू होने के पश्चात् बनाया गया है, तो जब तक कि कोई विपरीत आशय प्रकट ना हो, इस तरह की शक्ति का प्रयोग किया जा सकता है–
(a) समय–समय पर जब आवश्यकता हो
(b) केवल एक बार
(c) कुछ कह नहीं सकते
(d) कोई नहीं

**(2 Marks)**

21. XYZ कम्पनी एक ऐसी कम्पनी है, जिसमें 15 प्रतिशत अंश पूंजी X कम्पनी द्वारा धारित है तथा 50 प्रतिशत अंश पूंजी केन्द्र सरकार द्वारा धारित है और 10 प्रतिशत अंश पूंजी राज्य सरकार द्वारा धारित है और 25 प्रतिशत अंश पूंजी अन्य व्यक्तियों द्वारा धारित है, तो यह कम्पनी कहलायेगी–
(a) सरकारी कम्पनी
(b) निजी कम्पनी
(c) सार्वजनिक कम्पनी
(d) कोई नहीं

**(2 Marks)**

**Question 2:**

**(a)** मंगलू तथा उसके दोस्तों ने मिलकर टेक्समेन एडवाईज़री प्राईवेट लिमिटेड के नाम से कम्पनी का पंजीकरण कराया। टेक्समेन एक पंजीकृत ट्रेडमार्क है। पांच वर्ष पश्चात् ट्रेडमार्क के मालिक को इस बात का पता चला और उसने सम्बन्धित प्राधिकरण को आवेदन दिया। क्या कम्पनी को अपना नाम परिवर्तन करने के लिए अब बाध्य किया जा सकता है? क्या उस ट्रेडमार्क का मालिक कम्पनी से आग्रह कर सकता है कि अपने नाम को इच्छानुसार परिवर्तित करें?

**(5 Marks)**

**(b)** M ने B को एक लि. कम्पनी के दो अशों के आधार पर रु 5,000 उधार दिये। 15 जून, 2007 को कम्पनी ने दो बोनस अंश जारी कर दिये। B ने रु 5,000 का ऋण ब्याज सहित वापस कर दिया। किन्तु M ने केवल कम्पनी के 2 अंश ही वापस किये तथा 2 बोनस अंश वापस करने से मना कर दिया। भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत B को सलाह दीजिए।

**(5 Marks)**

**(c)** कम्पनी के अंश आंबटी ने कम्पनी के निर्देशक के विरुद्ध शिकायत की कि कम्पनी के प्रविवरण में मिथ्याकथन किया गया है। निर्देशक ने अपने बचाव में यह तर्क दिया कि विवरण कम्पनी के प्रवर्तकों द्वारा बनाये गये थे और उसने इन पर विश्वास था। क्या इन परिस्थितियों में निदेशक उत्तरदायी है? कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के सन्दर्भ में निर्णय कीजिए।

**(4 Marks)**

**Question 3:**

**(a)** ए हाऊसिंग फाईनेन्स लिमिटेड एक गृह वित्त कम्पनी है, जिसकी कुल अंश पूंजी 11 करोड़ रुपये है तथा टर्नओवर वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान 145 करोड़ रुपये है। कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार बताईये कि क्या कम्पनी को अपने वित्तीय विवरण XBRL रुप में दाखिल करना जरूरी है क्या?

**(5 Marks)**

**(b)** गौरव टेक्स्टाईल लिमिटेड ने एक अन्य कम्पनी के साथ अनुबन्ध किया है। आपको आमंत्रित किया जाता है उस अनुबन्ध को पढ़े और उसको समझे। दस्तावेजों तथा विलेखों तथा अनुबन्धों को समझने के लिए निर्वाचन के कोनसे नियम है?

**(5 Marks)**

**(c)** कम्पनी अधिनिमय 2013 के अनुसार निम्नलिखित पर राय व्यक्त करें।

(a) मि. आयूष जो कि एक चार्टेड अकाउंटेंट है उसे X लिमिटेड का अंकेक्षक नियुक्त किया गया है। उसने सितम्बर 2018 में हुई वार्षिक साधारण सभा में कम्पनी का अंकेक्षक बनना स्वीकार किया। बाद में जनवरी 2019 में उसने B के साथ साझेदारी कर ली। B कम्पनी का अर्थात X लिमिटेड का वित्त अधिकारी है।

(b) मि. अभि जो कि अभ्यासरत् चार्टेड अकाउंटेंट है और उसके पास अभिमान लिमिटेड के 1000 रूपये के अंकित मुल्य के अंश है। क्या अभि अभिमान लिमिटेड का अंकेक्षक बनने के योग्य है?

**(4 Marks)**

**Question 4:**

**(a)** कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार सदस्य को परिभाषित कीजिये।

**(5 Marks)**

**(b)** परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अंतर्गत वचन पत्र के मुख्य तत्व क्या होते है? क्या निम्न विलेख पत्रों को वैध वचन–पत्र माना जा सकता है:

(i) ''मै मि. राम के रु 5,000 या रु 7,000 देने का वचन देता हूँ।

(ii) ''मैं मोहन के रु 500 देने का वचन देता हूँ यदि वह परीक्षा में 60% अंक प्राप्त करता है, तो''

(iii) ''मैं रवि को रु 3,000 देने के वायदा करता हूँ A की मृत्यु के 15 दिन के बाद''

**(5 Marks)**

**(c)** कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार बताये कि क्या निम्नलिखित निर्णय निदेशक मण्डल ने सही लिये है तथा ये वैध है –

(a) कम्पनी की वार्षिक साधारण सभा में और ऐसी कम्पनी जिसमें अंश पूंजी है उसमें 80 सदस्य जो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित है तथा कुछ अनुपस्थित सदस्यों के प्रोक्सियों ने जिनके पास कुल मताधिकार का 10 प्रतिशत से ज्यादा है उन्होने मतदान प्रक्रिया द्वारा वोटिंग की मांग की। सभा के चैयरमेन ने इस आधार पर उनकी मांग को रदद् कर दिया कि केवल जो सदस्य व्यक्तिगत रूप से उपस्थित है वही मतदान प्रक्रिया द्वारा वोटिंग की मांग कर सकते है।

(b) एक वार्षिक साधारण सभा में मतदान प्रक्रिया की वोटिंग के दौरान एक सदस्य जिसने मतदान प्रक्रिया की मांग की थी उसने अपनी मांग को वापस ले लिया। उस सभा के अध्यक्ष ने यह कहा कि एक बार मतदान प्रक्रिया शुरू हो चुकी है अब वह अपनी मांग वापस नहीं ले सकता।

**(4 Marks)**

**Question 5:**

**(a)** मि. नीलेश ने परफेक्ट लिमिटेड में अपने द्वारा धारित 1000 अंशों को मिस मुक्ता को बेच दिये। कम्पनी ने उसके नाम पर न तो अंश पंजीकृत किये और न ही नीलेश तथा मुक्ता को निर्धारित समय में मनाही का नोटिस भेजा। कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार बताये क्या पीडित पक्षकार के पास इस मनाही के संबंध में कम्पनी के विरूद्ध क्या अधिकार है?

**(5 Marks)**

**(b)** A ने C के द्वारा अगले 3 माह में समय–समय पर रु 50,000 की सीमा तक B को दिए जाने वाले ऋण की प्रतिभूति दी एक माह के पश्चात् A ने प्रतिभूति रद्द कर दी, उस समय तक C, B को रु 5,000 ऋण दे चुका था। भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों को विचार में रखते हुए बताइए कि क्या A, C के प्रति बाद में दिए गए ऋण के दायित्व से मुक्त हो गया? आपका उत्तर क्या होगा यदि B, C को पहले से दिए गए रु 5,000 वापस नहीं करता है?

**(5 Marks)**

**(c)** कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार निक्षेप रजिस्टर से संबंधित प्रावधान बताईये।

**(4 Marks)**

**Question 6:**

**(a)** शिप्रा शुगर मिल्स लिमिटेड पिछले तीन वर्षो से 20 प्रतिशत दर से अपने समता अंशों पर लाभांश देते आ रही है। हालाकि अभी समाप्त हुये वर्ष जो कि 31 मार्च 2019 को समाप्त हुआ है, उस वर्ष में कम्पनी ने पर्याप्त लाभ नहीं कमाये है, परन्तु कम्पनी के पास पुराने पर्याप्त फ्री रिजर्व है, जिसके माध्यम से वह अपने 20 प्रतिशतन लाभांश की दर को बनाये रखना चाहती है। कम्पनी को सलाह दीजिए कि वर्ष 2018–19 के लिए 20 प्रतिशत लाभांश की दर से लाभांश देने के लिए उसे किस प्रक्रिया का पालन करना पड़ेगा?

**(5 Marks)**

**(b)** कोमल लिमिटेड ने अपनी वार्षिक साधारण सभा में जो कि 27 सितम्बर 2018 को हुई उसमें लाभांश की घोषणा की है। सामान्य वर्ग अधिनियम 1897 तथा कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार निम्न के सन्दर्भ में कम्पनी को सलाह दीजिए।

(a) अवधि जिसके दौरान कोमल लिमिटेड को लाभांश का भुगतान करना पडेगा।

(b) अवधि जब कोमल लिमिटेड को भुगतान नहीं किये गये अथवा दावा नहीं किये गये लाभांश को असंदत लाभांश खाते में हस्तांतरित करना पडेगा।

**(5 Marks)**

**(c)** अल्फा हर्बल्स जो धारा 8 में पंजीकृत कम्पनी है वह 31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए जो वार्षिक साधारण सभा होगी उसमें लाभांश घोषित करने की योजना बना रही है। मि. चौपडा के पास उस तिथि को 800 समता अंश है। बताईये कि क्या कम्पनी का कार्य कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार स्वीकार्य है?

**(4 Marks)**

**Question 7:**

**(a)** रेणूका सोप तथा डिटरजेन्ट लिमिटेड ने दिनांक 02 मई 2019 को यह महसूस किया कि 12 मार्च 2019 को एक बैंक के पक्ष में उत्पन्न किया गया प्रभार अभी तक कम्पनी के रजिस्ट्रार के पास पंजीकृत नहीं करवाया गया है। बताईयें कम्पनी को प्रभार का पंजीकरण करवाने के लिए क्या प्रक्रिया अपनानी पडेगी? क्या आपका उत्तर अलग होता यदि यह बात कम्पनी को 7 जून 2019 को महसूस होती न की 2 मई 2019 को? कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार समझाईये।

**(5 Marks)**

**(b)** भोलेनाथ ने सुरेन्द्र को एक चैक दिया। चैक जारी करने के पश्चात उसने सुरेन्द्र को कहा कि बैंक में इस चैक को प्रस्तुत मत करना तथा बैंक को भी आदेश दिया कि जब ये चैक भुगतान के लिए प्रस्तुत हो तो इसका भुगतान नहीं होना चाहिए। परक्राम्य में विलेख अधिनियम 1881 के अनुसार बताये क्या भोलेनाथ द्वारा किया गया कार्य अपराध है?

**(5 Marks)**

**(c)** इन्फोटेक लिमिटेड का निगमन 1 अप्रेल 2016 को हुआ। दिनांक 30 अप्रेल 2018 तक कम्पनी ने किसी भी साधारण सभा का आयोजन नहीं किया। कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार बताये की प्रथम वार्षिक साधारण सभा के आयोजन की अन्तिम समय सीमा क्या होगी तथा कम्पनी के रजिस्ट्रार के पास प्रथम वार्षिक साधारण सभा के आयोजन की समय सीमा को बढ़ाने से सम्बन्धित क्या शक्तियाँ प्राप्त है?

**(4 Marks)**

—**—